श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 91, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 6 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दिया दीपावली का तोहफा

## योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दिया दीपावली पर बड़ा तोहफा, 15 लाख कर्मियों को बोनस की सौगात

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दीपावली के मौके पर सूबे के 15 लाख अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बोनस की सौगात दी है। कर्मचारियों को वर्ष 2019-20 के लिए 30 दिनों के वेतन के बराबर बोनस मिलेगा। बोनस के लिए प्रति कर्मचारी 6908 रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। इसका 75 फीसद हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जाएगा, जबकि 25 फीसद यानी 1727 रुपये का नकद भुगतान होगा। भुगतान किया जाएगा। बोनस भुगतान पर 1022.75 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वित्त विभाग ने गुरुवार को बोनस भुगतान का शासनादेश जारी कर दिया। बोनस का लाभ 4800 रुपये तक ग्रेड वेतन पाने वाले सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित कर्मचारियों, राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित कर्मचारियों, सहायताप्राप्त शिक्षण व प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारियों को मिलेगा। यह सुविधा केवल उन कर्मचारियों को मिलेगी, जिन्होंने बीती 31 मार्च तक एक साल की निरंतर सेवा पूरी कर ली हो। जिन कर्मचारियों को 2019-20 में किसी विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही या आपराधिक मुकदमे में दंड दिया गया हो, उन्हें बोनस नहीं मिलेगा।

ऐसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिन्होंने बीती 31 मार्च तक तीन वर्ष या उससे अधिक समय तक लगातार काम किया हो और हर साल छह कार्य दिवसीय सप्ताह वाले कार्यालय में कम से कम 240 दिन और पांच कार्यदिवसीय सप्ताह वाले दफ्तरों में हर वर्ष न्यूनतम 206 दिन कार्यरत रहे हों, उन्हें भी यह सुविधा मिलेगी। ऐसे पूर्णकालिक कर्मचारी, जिन्होंने बीती 31 मार्च तक एक साल निरंतर सेवा पूरी नहीं की है, लेकिन उस तारीख तक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के तौर पर तीन साल या उससे अधिक समय तक लगातार काम करते रहे हों, उन्हें भी यह सुविधा मिलेगी। ऐसे कर्मचारियों को बोनस के तौर पर 1184 रुपये मिलेंगे। जो कर्मचारी बीती 31 मार्च के बाद रिटायर हुए हैं या 30 अप्रैल 2021 तक सेवानिवृत्त होने वाले हों, उन्हें बोनस की पूरी राशि का नकद भुगतान किया जाएगा।

### स्पेशल कैश पैकेज के बाद मिला बोनस

उत्तर प्रदेश में तकरीबन 15 लाख अराजपत्रित कर्मचारी हैं, जिन्हें बोनस का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को पिछले वित्तीय वर्ष के 30 दिन के वेतन के बराबर बोनस मिलता है। कोरोना आपदा और लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती को रफ्तार देने के लिए केंद्र की तर्ज पर हाल ही में यूपी की योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों के लिए स्पेशल फेस्टिवल एडवांस और एलटीसी के बदले स्पेशल कैश पैकेज दिया है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को बोनस देने के फैसले से राज्य सरकार के कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

## किसान हित में सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा निर्णय, अब मात्र एक प्रतिशत देना होगा मंडी शुल्क

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषकों को मंडियों में बेहतर सुविधा प्रदान करने एवं मंडियों में कार्य कर रहे व्यापारियों के प्रोत्साहन के लिए मंडी शुल्क की दर को दो प्रतिशत से घटाकर मात्र एक प्रतिशत किए जाने का आदेश दिया है। मंडियों में विकास कार्यों को गति प्रदान के लिए विकास शुल्क की दर (0.5 प्रतिशत) यथावत रहेगी। इसलिए अब मंडी परिसर के अंदर व्यापार करने पर वर्तमान में लागू 2.5 प्रतिशत के स्थान पर कुल 1.5 प्रतिशत कर ही देय होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को मंडियों में बेहतर सुविधा प्रदान करने और वहां कार्यरत व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंडी शुल्क की दर को दो प्रतिशत से घटाकर मात्र एक प्रतिशत किए जाने का आदेश दिया है। मंडियों में विकास कार्य के लिए विकास शुल्क की दर आधा प्रतिशत यथावत रहेगी। इस फैसले से मंडी परिसर में व्यापार करने पर 2.5 प्रतिशत के स्थान पर कुल 1.5 प्रतिशत शुल्क ही देय होगा।

केंद्र सरकार द्वारा मंडी शुल्क समाप्त करने के बाद प्रदेश में मंडी परिसर के भीतर दो प्रतिशत मंडी शुल्क व आधा प्रतिशत विकास शुल्क लगाया गया था। हालांकि शुल्क में कमी किए जाने से मंडियों की वार्षिक आय भी प्रभावित होगी। मंडी शुल्क समाप्त होने से पूर्व वर्ष 2019-20 में मंडी परिषद की सालाना आय लगभग दो हजार करोड़ रुपये थी। मंडी परिसरों से बाहर शुल्क समाप्त करने के बाद आय घटकर करीब 1200 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा- भाजपा सरकार में किसान हैं सबसे ज्यादा परेशान



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न के शिकार किसान हुए हैं। न तो उनकी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक रही है और न ही धान क्रय केंद्रों से भुगतान हो रहा है। सिंचाई की दिक्कत अलग से है। दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज के त्योहार नजदीक हैं, किसान परेशान हैं कि वह कैसे ये पर्व मनाएंगे? गन्ना किसानों को चीनी मिलें पिछले सत्र का भी भुगतान नहीं कर रही हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार सिर्फ सख्ती के खोखले आदेश जारी करती है, पर उनकी कोई परवाह नहीं करता है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सरकार धान की कागजी खरीद के आंकड़े पेश करती है। हकीकत यह है कि बहुत जगहों पर धान क्रय केंद्र खुले ही नहीं हैं। केंद्रों में अव्यवस्था है। किसान परेशान हैं न तो फसल की समय से तौल हो रही है और न ही भुगतान। धान क्रय केंद्र किसान को साजिशन लौटाने का काम करते हैं जिसका फायदा आस-पास सक्रिय बिचौलिए या व्यापारी उठा रहे हैं। अब तो भाजपा विधायक भी धान क्रय केंद्रों में दलाली के आरोप लगाने लगे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चीनी मिलों को नए पेराई सत्र से पहले पिछले बकाया का भुगतान करना था। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, कमिश्नर और डीएम ने आदेश दिए, बयान दिए पर किसान के हाथ सिर्फ मायूसी लगी। प्रदेश की नौ चीनी मिलों पर 11 अरब 70 करोड़ 48 लाख रुपये अब भी बकाया हैं। 14 दिन में भुगतान और बकाये पर ब्याज जोड़ने के आदेश कब जारी हुए, कब हवा में खो गए, कुछ पता ही नहीं चलता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा : घर के भीतर कही बात पर नहीं लगता एससी-एसटी एक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी भी अनुसूचित जाति या जनजाति के व्यक्ति को लेकर घर के भीतर कही कोई अपमानजनक बात, जिसका कोई गवाह न हो, वह अपराध नहीं हो सकती। यह बात सुप्रीम कोर्ट ने कही है। इसी के साथ शीर्ष न्यायालय ने याचिकाकर्ता पर लगा अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम का मुकदमा रद करने का आदेश दिया है। उत्तराखंड के इस मामले में एक औरत ने हितेश वर्मा पर घर के भीतर अपमानजनक बातें कहने का आरोप लगाया था। इसी के आधार पर पुलिस ने आदमी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के तहत सभी तरह के अपमान और धमकियां



नहीं आतीं। अधिनियम के तहत केवल वे मामले आते हैं जिनके चलते पीड़ित व्यक्ति समाज के सामने अपमान, उत्पीड़न या संत्रास झेलता है। अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए अन्य लोगों की मौजूदगी में अपराध होना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एल नागेश्वर राव, जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस अजय रस्तोगी की पीठ ने कहा कि तथ्यों के दृष्टिगत अनुसूचित जाति-जनजाति ([उत्पीड़न रोकथाम)] अधिनियम के सेक्शन 3([1)] ([आर)] के अनुसार अपराध नहीं हुआ है। इसलिए मामले में दाखिल आरोप पत्र को रद किया जाता है। आरोपित व्यक्ति के खिलाफ अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर मुकदमा चलाया जा सकता है। कोर्ट ने 2008 में इस सिलसिले में दिए गए एक अन्य फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उसमें भी सार्वजनिक स्थान और ऐसा स्थान जहां पर लोगों की मौजूदगी हो, को परिभाषित किया गया है। अगर कोई अपमानजनक कृत्य खुले में होता है और उसे अन्य लोग देख-सुन लेते हैं, तो वह एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में आ जाएगा।

## अर्नब गोस्वामी की जमानत पर आज बांबे हाइकोर्ट में फिर से सुनवाई, क्या मिलेगी राहत ?

**मुंबई, एजेंसियां।** अर्नब गोस्वामी की जमानत याचिका मामले पर बांबे हाइकोर्ट में आज एक बार फिर से सुनवाई होगी। रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी को कल हाइकोर्ट से राहत नहीं मिली है। रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को गुरुवार को बांबे हाई कोर्ट से अंतरिम राहत नहीं मिल सकी। अदालत ने यह कहते हुए सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी कि वह इस मामले को विस्तार से सुनना चाहती है। अब आज इस मामले में एक बार फिर से हाइकोर्ट में सुनवाई होगी, देखना होगा क्या अर्नब को आज कोर्ट से राहत मिलेगी ?

अर्नब गोस्वामी को बुधवार देर रात अलीबाग कोर्ट ने एक इंटीरियर डिजाइनर की आत्महत्या के मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अर्नब ने जमानत के साथ-साथ अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए खुद पर लगे आरोपों को रद करने की याचिका भी उच्च न्यायालय में दायर कर रखी थी। लेकिन, उनकी तरफ से कई नामी वकीलों की जिरह के बावजूद उन्हें कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी।

न्यायमूर्ति एसएस शिंदे एवं एमएस कार्णिक ने कहा कि वे दोनों पक्षों को सुनने के बाद शुक्रवार को इस मामले में फैसला सुनाएंगे। पीठ ने अर्नब से अपनी याचिका में मृत इंटीरियर डिजाइनर अन्वय की पत्नी तथा अन्य सूचना देने वालों के अलावा केंद्र सरकार को भी पार्टी बनाने एवं उन्हें याचिका की प्रतियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



कोर्ट ने कहा कि वह शुक्रवार को अन्वय की पुत्री आज्ञा की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसमें उसने अपने पिता की आत्महत्या के मामले की पुनः जांच की मांग की है। अर्नब की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कोर्ट से तत्काल राहत देने की मांग करते हुए कहा कि अंतरिम जमानत दे देने से महाराष्ट्र में आसमान नहीं टूट पड़ेगा। जब नागरिकों की आजादी का सवाल हो तो प्रक्रियाओं में राहत दी जा सकती है। अन्वय आत्महत्या मामले की जांच फिर से शुरू किए जाने को पूरी तरह गैरकानूनी बताते हुए अर्नब के दूसरे वकील आबाद पोंडा ने कहा कि बंद हो चुके मामले की फिर से जांच शुरू किया जाना स्थापित फौजदारी सिद्धांतों के ही खिलाफ है।

## चीन को लेकर नरम नहीं होगा जो बाइडन का रवैया, भारत से रिश्ते की डोर होगी मजबूत

**जयप्रकाश रंजन, नई दिल्ली।** अब जबकि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन की राह बनती नजर आ रही है तब यह सवाल उठना लाजिमी है कि इस बदलाव के बाद भारत व अमेरिकी रिश्तों में जो गर्माहट ट्रंप प्रशासन के कार्यकाल में आई थी वह जारी रहेगी या नहीं? भारत सरकार ने भले ही इस चुनाव से पहले ट्रंप प्रशासन को लेकर ज्यादा गर्माहट दिखाई हो लेकिन विदेश मंत्रालय का आकलन है कि रिश्तों की डोर पहले के मुकाबले और मजबूत होगी।



देश के पूर्व कूटनीतिक जानकारों की सुनें तो वह मानते हैं कि जो बाइडन प्रशासन ट्रंप के कार्यकाल में भारत के साथ रिश्तों को लेकर लिए गए फैसले से कोई छेड़छाड़ नहीं करेगा। वजह यह है कि अमेरिका ने पूरी तरह से अपने हितों को देखते हुए भारत के साथ रिश्तों को नई दिशा दी है। हां, जानकारों की राय में डेमोक्रेट पार्टी ने पाकिस्तान और मानवाधिकार को लेकर पूर्व में जो रूख दिखाया है, वह भारत के लिए थोड़ी चिंता की बात हो सकती है। लेकिन इन मुद्दों पर हमेशा बातचीत का मौका होगा और भारत अपने पक्ष में रुख कर सकता है।

जहां तक कारोबारी क्षेत्र में रिश्तों की बात है तो यहां ट्रंप प्रशासन से ज्यादा बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। वजह यह है कि डेमोक्रेट पार्टी कारोबार में अनावश्यक अड़चन पैदा करने से बचने की रणनीति अपनाती है। यही नही डेमोक्रेट पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में भारत-अमेरिकी द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर करने की रणनीति फिर से परवान चढ़ाई जा सकती है।

जानकारों का कहना है कि वर्ष 2000 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के भारत आने के बाद से ही रिश्तों में जो प्रगाढ़ता आनी शुरू हुई है, उसकी रफ्तार आगे बढ़ेगी। इसमें चीन का विरोध और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सैन्य व रणनीतिक सहयोग केंद्र में होगा। कई देशों में राजदूत रह चुके व विदेश मामलों के विशेषज्ञ एंबेस्डर विष्णु प्रकाश का कहना है कि, बाइडन के पास राजनीतिक करने का चार दशक से पुराना अनुभव है। वह शासन में रह चुके हैं। वह भारत कई बार आ चुके हैं और हाल ही में उन्होंने यह भी कहा है कि वह भारत को ज्यादा बेहतर समझते हैं। साथ ही अमेरिका को इस बात का एहसास है कि चीन की बढ़ती शक्ति उसकी सबसे बड़ी प्रतिद्वंदी है। अमेरिका अभी सिर्फ सैन्य ताकत है।

चीन आर्थिक ताकत बन चुका है और अपनी नौ सेना को वह अमेरिका के मुकाबले बना चुका है। ऐसे में ट्रंप प्रशासन ने जो भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती दी है उस पर और ध्यान दिया जाएगा। यह अमेरिका के हित में है। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भारत व अमेरिका के बीच रिश्ते दो नेताओं की वजह से नहीं बल्कि इन दोनो देशों के आपसी हितों की वजह से बेहतर हो रहे हैं। पाक व मानवाधिकार पर बाइडन की नीति पर चिंता :पूर्व में जो बाइडन ने नागरिकता संसोधन कानून (सीएए) को लेकर अपनी आपत्ति जता चुके हैं जबकि उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कश्मीर में मानवाधिकार हनन के मुद्दे को हवा दी है।

जानकारों की मानें तो डेमोक्रेट पार्टी पारंपरिक तौर पर मानवाधिकार, धार्मिक आजादी जैसे मुद्दे को ज्यादा महत्व देती है और इसको लेकर भारत को ज्यादा सतर्क रहना होगा। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल का कहना है कि, "उक्त मुद्दे भारतीय नीति नियामकों के लिए थोड़ी चिंता की बात हो सकती है लेकिन इसे बैलेंस करना कोई मुश्किल काम नहीं होगा। वैसे भी दोनो देशों के बीच अभी कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने को लेकर बातचीत हो रही है।" एंबेस्डर विष्णु प्रकाश मानते हैं कि पाकिस्तान को लेकर ज्यादा चिंतित होने की जरुरत नहीं है। वर्ष 2000 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत दौरे के बाद से द्विपक्षीय रिश्तों में पाकिस्तान को अलग- थलग करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। ओबामा सरकार के दौरान पाकिस्तान पर आतंकवाद के मुद्दे पर कड़ाई करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो अभी तक जारी है।

## जब तक गुलाम कश्मीर का भारत के साथ नहीं होगा एकीकरण, तब तक पाक के साथ सीमा विवाद नहीं होगा खत्म : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भारत की संसद में गुलाम कश्मीर को लेकर सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित है कि वह अपने ही देश का हिस्सा है। हम इसे कभी भूल नहीं सकते। जब तक गुलाम कश्मीर का भारत के साथ एकीकरण नहीं होगा तब तक भारत पकिस्तान के बीच सीमा विवाद का पूर्ण समाधान नहीं होगा। एक कार्यक्रम में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि गिलगिट-बाल्टिस्तान और गुलाम कश्मीर में किसी भी तरह की एकतरफा कार्रवाई करने का हक पाकिस्तान को नहीं है। गुलाम कश्मीर पर सिर्फ गैर कानूनी कब्जा कर लेने से पाकिस्तान को सुने जाने का अधिकार नहीं बनता है। राजनाथ ने कहा कि भारत का मानना है कि जम्मू-कश्मीर तो कभी पाकिस्तान का था ही नहीं और गुलाम कश्मीर तथा गिलगिट-बाल्टिस्तान पर उसका गैर कानूनी कब्जा है। इसका नाजायज फायदा उठा कर वह अब गिलगिट-बाल्टिस्तान को पाकिस्तान का राज्य बनाने जा रहा है।

आज पाकिस्तान यह बात समझ चुका है कि कश्मीर घाटी में बहुत कुछ कर पाने की स्थिति में अब वह नहीं है खासतौर पर जब से धारा 370 को समाप्त कर दिया गया है। तब से पाकिस्तान इतना बौखलाया हुआ है, इसी कारण अब वह अपने कब्जे वाले गुलाम कश्मीर को पूरी तरह हड़पने का प्लान बना चुका है। जो कि वह उसकी कायराना हरकत है। वहीं, भारत चीन तनाव पर रक्षा मंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार ने सेनाओं को यह खुली छूट दे रखी है कि एलएसी पर हम किसी भी तरह के बदलाव को अनदेखा नही करेंगे। गलवान में उस दिन भारतीय सेना ने यही किया और पूरी बहादुरी से चीनी सैनिकों के सैनिकों का मुकाबला करते हुए उन्हें पीछे जाने पर मजबूर किया था।

## गंभीर हुई औद्योगिक नगरी की हवा

### ग्रेटर नोएडा में एक्यूआइ-457 के साथ गत दिवस 368 से 89 अंक अधिक दर्ज किया गया

**नोएडा, मोहम्मद बिलाल।** औद्योगिक नगरी नोएडा-ग्रेनो में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। नोएडा में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) 450 बुधवार के एक्यूआइ 345 से 105 अंक अधिक रहा। वहीं ग्रेटर नोएडा में एक्यूआइ-457 के साथ गत दिवस 368 से 89 अंक अधिक दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार थमने व आर्द्रता का स्तर घटने से अति सूक्ष्म कणों की मात्रा मानक के छह गुना से अधिक दर्ज की गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार शाम चार बजे प्रदूषण के लिहाज से मुरादाबाद 489 एक्यूआइ के साथ पहले, बुलंदशहर 469 एक्यूआइ के साथ दूसरे, गाजियाबाद व बागपत 464 एक्यूआइ के साथ क्रमशः तीसरे व चौथे स्थान पर रहे हैं। ऐसे में ग्रेटर नोएडा देश का पांचवां सबसे प्रदूषित शहर रहा है। हालांकि नोडा में सूरज निकलने से न्यूनतम दृश्यता अधिक रही, लेकिन शाम होते ही प्रदूषण फिर से बढ़ने लगा। सिस्टम आफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फार कास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के मुताबिक बृहस्पतिवार को हवा की दिशा जो सुबह के समय दक्षिण-पश्चिम थी, अचानक उत्तर की ओर बढ़ने प्रदूषण का स्तर बढ़ा है।



बृहस्पतिवार को न्यूनतम पारा 11.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सामान्य से चार डिग्री कम दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं स्काइमेट वेदर के मौसम विज्ञानी के अनुसार एक चक्रवाती सिस्टम दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान और इससे सटे हिस्सों पर दिखाई दे रहा है। इसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में मौसम शुष्क बना रहा। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. संतराम ने बताया कि सुबह के वक्त प्रदूषण तत्व के निचली सतह पर जमे होने से सांस रोगियों की परेशानी बढ़ी है। इस महीने ओस व धुएं से धुंध छाने के आसार बने हुए हैं जिसके चलते प्रदूषण का स्तर और बढ़ेगा। वाहनों का धुआं और धूल जिम्मेदार वाहनों के धुएं से निकलने वाली हानिकारक गैसें व निर्माण के दौरान धूल के बारीक कण दिन के समय ऊपरी सतह पर चले जाते हैं। रात में पारा गिरने पर तड़के ओस की बूंदों के साथ मिलकर निचली सतह पर आ जाते हैं। सांस के जरिए यह सीधे हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए बच्चों व बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### मेजा के भड़ेवरा में सपा का यूथ मिलन समारोह 7 को

**प्रयागराज।** समाजवादीपार्टी द्वारा आगामी 7 नवंबर को मेजा विधानसभा क्षेत्र के भड़ेवरा गाँव में यूथ मिलन समारोह आयोजित किया गया है ' कार्यक्रम मे युवाओं को लाल टोपी पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा ' कार्यक्रम के आयोजक युवा नेता हिमांशु कुमार सिंह के अनुसार इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादियों की उपस्थिति और उनके भाषण से युवाओं को राजनैतिक और सामाजिक सीख पाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध बाटी चोखा सहभोज के बाद होगा। वरिष्ठ सपा नेता और कार्यक्रम के मार्गदर्शक श्री नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा मिलन समारोह में काफी संख्या में सपा कार्यकताओं के उपस्थित रहने की संभावना है ' कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में डॉ लोहिया, स्व: जनेश्वर मिश्र, मा. मुलायम सिंह यादव के संघर्षों, विचारों से युवा पीढ़ी में समाजवाद की भावना जगाना और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मा अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आस्था रखते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए जन जागरूकता पैदा करना है।

# लौह पुरुष के सपने को पूरा कर रही योगी और मोदी सरकार

## विकास खंड शंकरगढ़ ब्लॉक परिसर में ऊर्जा मंत्री ने किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

**शंकरगढ़।** किसानों के मसीहा, लौहपुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण गुरुवार को विकास खंड शंकरगढ परिसर में समारोह के चीफ गेस्ट प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने हाथों किया गया। समारोह में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हर भारतवासी को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है, तभी भारत मजबूत और सशक्त होगा। केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लौह पुरुष के अधूरे सपने को साकार करते हुए इसी दिशा में कदम आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश योगी सरकार ने जब से सूबे की सत्ता संभाली है यहां के विकास में चार चांद लग गए हैं। आज के 4 साल पहले वाली जर्जर सड़कों पर अब कहीं भी गड्ढे नहीं दिखाई पड़ते। इसीतरह साढे तीन साल के अंदर योगी सरकार ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में भी अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। इसके साथ ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान भाइयों को हर तरह से सशक्त और सक्षम बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। इसके अलावा 2022 तक प्रत्येक गांव में जर्जर तारों को बदले जाने की योजना पर भी काम चल रहा है।





फीता काटकर समारोह का शुभारंभ करते ऊर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर सिंह पटेल व सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण करते हुए

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत कर रही फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि लौह पुरूष की प्रतिमा के अनावरण से आज शंकरगढ़ की धरती धन्य हो गई है। सरदार पटेल के बारे में कुछ बताना सूरज के सामने दिया दिखाने जैसा है।आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी लौह पुरूष के सपनों को पूरा कर रहे हैं और एक भारत-श्रेष्ठ भारत का सपना पूरा हो रहा है।कार्यक्रम में प्रयागराज सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज श्रीवास्तव, रंगबली पटेल,शिवदत्त पटेल,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संतोष त्रिपाठी ने भी लौहपुरुष के जीवन पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरगढ़ ब्लाक प्रमुख भारत सिंह ने किया।

इस मौके पर बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता रमेशचंद्र, एसडीओ संजीव श्रीवास्तव, अवर अभियंता सुनील कुमार सिंह,शंकरगढ़ चेयरमैन लल्लू कनौजिया,एडीओ पंचायत ओम प्रकाश पांडेय, ज्ञान सिंह पटेल,अजय सिंह,शिवराम सिंह परिहार, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, रतन केसरवानी, सभासद सुजीत केसरवानी, सुधा गुप्ता, उमा वर्मा,अनूप केसरवानी, मसुरियादीन वर्मा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, अंजनी लाल, प्रधान मनोज सिंह, शैलेन्द्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, बीडीसी गुलाब सिंह,पूर्व प्रधान महेंद्र शुक्ल, सहआयोजक ओम प्रकाश, आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन आयोजक क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के अश्विनी कुमार सिंह ने किया।

### यह 2014 के बाद वाला भारत

**शंकरगढ़।** लौह पुरुष की प्रतिमा के अनावरण में आए ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि आज का भारत बहुत ही सशक्त और मजबूत है, 2014 के बाद देश ने सभी क्षेत्रों में तरक्की की है। विशेष तौर पर रक्षा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव से चाइना जैसा देश भी भारत के सामने भयभीत नजर आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।इस समय भाजपा के 18 करोड़ सक्रिय सदस्य हैं।

### ऊर्जा मंत्री के ही संबोधन में गुल हो गई बिजली

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ ब्लॉक परिसर में जब ऊर्जा राज्यमंत्री संबोधन के लिए पहुंचे उसी दौरान बिजली कट गई। कुछ क्षण के उपरांत आपूर्ति शुरू हुई। वह लोगों तक अपनी बात पहुंचा पाते, इससे पहले ही दोबारा बिजली कट गई। कुछ ही क्षण के भीतर दो बार बिजली कटने से राज्य मंत्री परेशान हो गए और मजबूरन उन्हें कहना पड़ा कि वास्तव में शंकरगढ़ क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बहुत ही जर्जर है। उन्होंने कहा कि शंकरगढ़ की बिजली की मूल समस्या को जड़ से आजीवन के लिए समाप्त किया जाएगा।





घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

## शार्ट सर्किट से चलती बस में लगी आग यात्रियों में मचा हड़कंप

**फूलपुर।** शार्ट सर्किट के कारण चलती रोडवेज बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। ड्राइवर ने आनन-फानन में बस को रोककर यात्रियों को नीचे उतारा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरी बस से यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया। गुरुवार को आजमगढ़ जाने वाली बस प्रयागराज से यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। अभी वह फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अन्तर्गत नवीन सब्जी मंडी के सामने ही पहुंची थी की बस में अचानक धुआं उठने लगा। यात्रियों के शोर मचाने पर ड्राईवर ने बस को रोककर सभी यात्रियों को नीचे उतारा। मौके पर पहुंची इफको पुलिस ने रोडवेज विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचित कर दूसरी बस का इंतजाम किया तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। मुख्य सड़क पर अचानक हुई घटना से ट्रैफिक लग गया। जिसे पुलिस ने खाली करवाकर आवागमन चालू करवाया।

## जमीनी विवाद में मारपीट आधा दर्जन चुटहिल

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें दोनों पक्षों से कई गंभीर रूप से घायल हो गए। उतराव थाना क्षेत्र के सौरा गांव निवासी राजेश्वर व शंकरलाल में जमीन का विवाद चल रहा है। गुरुवार सुबह एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य शुरू किया गया तो दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। वहीं मारपीट में अनिल कुमार पुत्र राजेश्वर सुनील पुत्र राजेश्वर राकेश कुमार पुत्र भैरव ओंकार नाथ सीता देवी समेत गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष से भी चोटे आई। एक पक्ष की तहरीर पुलिस ने शंकरलाल पुत्र रामदास अमर बहादुर फतेह बहादुर जगत बहादुर पुत्र शंकरलाल अरुण अरविंद अजय पुत्र अमर बहादुर मारपीट जान से मारने की धमकी समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शीशम के पेड़ से गिरने से युवक की मौत, मचा कोहराम

### सूखी लकड़ी तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था युवक नीचे खड़ा था पिता

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा बाजार में बृहस्पतिवार की दोपहर शीशम के पेड़ पर चढ़ा युवक की नीचे गिर जाने से मौके पर ही पर मौत हो गई। पेड़ से गिरने के बाद युवक को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया।

करमा बाजार के रहने वाले धांधू के तीसरे नंबर का छोटा लड़का बबलू ( 21) वर्ष गांव में ही शीशम के पेड़ पर लकड़ी तोड़ने चढ़ा हुआ था। पिता धांधू नीचे खड़ा होकर देख रहा था तभी अचानक बबलू शीशम के पेड़ से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। आनन फानन परिजनों ने कर्मा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। घर की दयनीय स्थिति होने के कारण युवक लकड़ी तोड़कर घर का पालन पोषण करता था। युवक की दो महीना पहले शादी हुई थी। बताया जाता है कि घर में रहने के लिए छत भी नहीं है वह खुले आसमान के नीचे पन्नी डालकर परिवार गुजर-बसर करता है।

## प्राथमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण



बच्चों को स्वेटर वितरित करते हुए

**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय जिरातमतन में गुरुवार को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर ,नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे उन्होंने बच्चों को स्वेटर वितरित किया और उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों के लिए बनाए गए रीडिंग कॉर्नर कक्ष का उद्घाटन भी किया । उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इसमें विकासखंड के कुछ शिक्षक जैसे शिक्षक संघ बहादुरपुर के मंत्री अजीत सिंह, एनपीआरसी कनिहार शौकत हुसैन, अखिलेश यादव व समाजसेवी डॉ गिरीश कुमार पांडे उपस्थित रहे और विद्यालय परिसर की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती ममता पांडे और विद्यालय की सहायक अध्यापिका श्रीमती सुनीता सिंह उपस्थित रही।

# सादे ड्रेस में गली-गली पुलिस वाले बदमाशों की खोजबीन में जुटे रहे, कई संदिग्धों को उठाया

### छिनैती की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शातिरों की तलाश हुई तेज, कई बेकसूरों को उठाए जाने पर नाराज हुए लोग, घेरा नैनी कोतवाली, की शिकायत

**नैनी।** महकमे के आला अधिकारी के रिश्तेदार के साथ हुई चेन छिनैती की घटना हो गई तब जाकर पुलिस की तंद्रा टूटी और आनन-फानन में बदमाशों की तलाश हो गई। ?नतीजा बृहस्पतिवार को नैनी कोतवाली से लेकर गंगापार एवं यमुनापार की स्पेशल टीमों को सादे ड्रेस में पूरे नैनी इलाके की ग?लियों को खंगाला गया।

गौरतलब है कि बीते 50 दिनों में नैनी क्षेत्र में 17 चेन छिनैती और कमोबेश इतनी ही चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। मोबाइल व वाहन चोरी व छिनैती की घटनाओं की संख्या अलग है। खासकर छिनैती की घटनाओं ने पुलिस के नाक में दम कर रखा है। बीते दो दो दिन पहले एडीए कालोनी में आईजी की रिश्तेदार महिला के साथ हुई चेन छिनैती की घटना के बाद पुलिस के कान खड़े हुए, नहीं तो पहले की घटनाओं को तो पुलिस टरकाते चली आ रही थी। नतीजा बृहस्पतिवार को नैनी कोतवाली पुलिस, एसओजी और अन्य थानों एवं पुलिस लाइंस से मंगाई पुलिस टीमों ने पूरे नैनी इलाके को छानना शुरू कर दिया। करछना सीओ, इंस्पेक्टर, दारोगा, सिपाही व एसओजी की टीमों ने सादे ड्रेस में पूरे नैनी की गली कूचों को छान मारा। साथ ही साइकिल पर सवार होकर बदमाशों की खोजबीन करते रहे। जिसका नतीजा यह रहा कि बृहस्पतिवार को एक भी छिनैती की घटना नहीं हुई, लेकिन इस बीच डेढ़ दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को पुलिस थाने लाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी निर्दोष को नहीं फंसाया जाएगा लेकिन असली मुजरिम को ?बख्शा भी नहीं जाएगा। सीओ करछना सोमेंद्र मीणा ने बताया कि संदिग्धों को उठाया गया है। पूछताछ की जा रही है। एसओजी व लोकल पुलिस बदमाशों की निगहबानी में जुटी है। सूचना जुटाई जा रही है।

## विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सीओ को घेरा, की नारेबाजी

### संगठन से जुड़े पदाधिकारी के बेटे को उठाए जाने से नाराज थे लोग, छोड़ा

**नैनी।** स्नैचरों को पकड़ने के चक्कर में बृहस्पतिवार को पुलिस कई बेकसूरों को भी थाने उठा लाई और उन्हें दिन भर थाने में बैठाए रखा। इन्हीं में से एक बजरंग दल से जुड़े पदाधिकारी का बेटा शेखर आनंद पुत्र संजय मिश्रा निवासी मानस नगर, नैनी भी थे। जो दोपहर में स्कूटी से महर्षि चौराहे पर किसी काम से गए थे। वहां सीओ करछना मिले और शेख आनंद को कोतवाली उठा ले आए। पता चलने पर घरवाले भी पहुंचे और बताया कि उसने कोई अपराध नहीं किया, लेकिन पुलिस ने कहा कि पूछताछ करने के बाद ही छोड़ा जाएगा। इसकी जानकारी होने पर विहिप व बजरंग दल से जुड़े आशुतोष श्रीवास्तव, अमित पाठक, अश्विन मिश्रा, शिव तिवारी, अरमरनाथ तिवारी, अभिषेक पाठक, अमित सिंह, गौरव जायसवाल, धीरेंद्र कुशवाहा समेत दर्जनों लोग देर शाम नैनी कोतवाली पहुंच गए और कोतवाली परिसर में ही सीओ करछना का घेराव कर नारेबाजी करने लगे। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति संभाला और बातचीत के बाद शेखर आनंद को छोड़ दिया। उसके बाद कई ऐसे लोगों को छोड़ा गया जो दिन भर से थाने में बैठाए गए थे। इनमें से कई लोग ऐसे भी दिखे जिन्होंने दावा किया कि उन्होंने आज तक कभी थाने का मुंह नहीं देखा था, पुलिस उन्हें अनायास ही दबोचा लाई है।



नैनी कोतवाली में सीओ करछना का घेराव करते विहिप के कार्यकर्ता

## एसआरएन अस्पताल में बाहर से दवा लाने लाने पर जख्मी मरीज का हुआ इलाज

**प्रयागराज।** डॉक्टर साहब, वेदप्रकाश दर्द से तड़प रहा है, प्लीज एक बार उसे देख लें, ताकि कुछ आराम मिल जाए। यही रट लगा रहे हैं धर्मेंद्र तिवारी जो पिछले एक सप्ताह से अपने गांव के ही निरीह वृद्ध को लेकर एसआरएन अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं। पैर में चोट लगी है, ऑपरेशन भी होना है। स्थिति यह है कि डॉक्टर यहां मरीज को देखने भी नहीं आए हैं। जूनियर डॉक्टर इधर-उधर कहकर एक सप्ताह निकाल दिए। एसआरएन अस्पताल के ट्रामा सेंटर की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। यहां मरीजों के इलाज के लिए मरहम, पट्टी तक नहीं है। जूनियर डॉक्टर मरीज के तीमारदारों से यह सामान बाहर के मेडिकल स्टोर से मंगाते हैं। उरूवां ब्लाक के शुक्लपुरा गांव निवासी वेदप्रकाश पांडेय के पैर में चोट आई थी। गांव के ही धर्मेंद्र तिवारी उन्हें शाम छह बजे ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे और जूनियर डॉक्टरों से इलाज करने की मिन्नतें की। जूनियर डॉक्टरों ने कहा मरीज को बाहर हॉल में बैठा दो और इलाज में प्रयुक्त होने वाली दवाएं बाहर की मेडिकल स्टोर से लेकर आओ। आर्थिक रूप से कमजोर होने की बात बताने के बाद भी डॉक्टरों ने कहा कि हमारे पास यह सब उपलब्ध नहीं है। अंत में धर्मेंद्र ने बाहर के एक मेडिकल स्टोर से बीटाडीन लोसन, तारपीन का तेल, बैंडेज, कॉटन, ब्लेड, हाइड्रोजन आदि लेकर आए तो काफी देर बाद उसका इलाज शुरू हो सका। इस संबंध में जब अस्पताल के एसआइसी डॉ. एके श्रीवास्तव से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल नहीं रिसीव किया।

## हॉस्टलों में शरारती चूहों ने कुतरे किताब और कपड़े

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (इविवि) के हॉस्टलों में शरारती चूहों ने आतंक मचा रखा है। कमरे में रखे अंतःवासियों के कपड़ों के अलावा किताबों को शरारती चूहों ने कुतर डाला। अब छात्र इविवि प्रशासन ने हॉस्टलों में प्रवेश की मांग और तेज करने की तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल, कोरोना वायरस संक्रमण के चलते इविवि प्रशासन ने सभी हॉस्टलों को खाली करा दिए थे। तकरीबन सात माह से हॉस्टलों में ताले लटक रहे हैं। इसी बीच हैरान करने वाली बात सामने आई है। शरारती चूहों ने अंतःवासियों के कपड़ों के अलावा किताबों को कुतर दिया है। इससे उनका काफी नुकसान हो रहा है। छात्र हॉस्टल में प्रवेश की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह हॉस्टल में रहकर इन शरारती चूहों से लड़ सकते हैं।

शरारती चूहों की राह पर दीमक भी चल पड़े हैं। किताबों के पन्ने काफी दिन से नहीं खुले तो दीमक उसको चाट रहे हैं। इसकी तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई है। जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि छात्रों की महंगी किताबें बेकार हो रही हैं। यही नहीं यह तस्वीर धड़ल्ले से वायरल हो रही है। इसी के साथ छात्र इविवि प्रशासन पर नाराजगी भी जता रहे हैं। छात्रों का कहना है कि अब इसकी भरपाई कौन करेगा। इस संदर्भ में इविवि के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर केपी सिंह का कहना है कि यह तो गंभीर समस्या है। इससे छात्र-छात्राओं का काफी नुकसान हो रहा होगा। हॉस्टल लंबे समय से बंद है इस वजह से चूहों ने किताब और कपड़े कुतर दिए होंगे। इस संदर्भ में सभी हॉस्टलों के अधीक्षकों और वार्डन को निर्देश जारी किया जाएगा।

## लक्ष्मण को लगी शक्ति तो बानर सेना में मचा हाहाकार

**उत्तरांव।** आदर्श रामलीला कमेटी उतरांव में आखिरी दिन पात्रों द्वारा बेहतर रामलीला का मंचन किया गया। वहीं रामलीला की शुरूआत श्री राम लक्ष्मण की आरती कर की गई। आखिरी दिन वानर दल व रावण दल में युद्ध शुरू हुआ।दोनों सेनाओं में जमकर युद्ध हुआ। वही वानर दल जब कमजोर पड़ने लगा तो लक्ष्मण युद्ध में आगे आकर मेघनाथ का मोर्चा संभाले। दोनों में जमकर युद्ध हुआ। वही मेघनाथ ब्रह्मास्त्र चला दिया जिसमें लक्ष्मण मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़े। लक्ष्मण शक्ति की सूचना वानर दल में हुई तो पूरी सेनाओं में हाहाकार मच गया। श्री राम बिलखते हुए अपने भाई गले लगाकर उनके प्राण के लिए ईश्वर चीखने लगे। श्री राम ने मूर्छित भाई को गोद में लेकर विलाप करते हुए ईश्वर से उनकी पुनः जीवित होने की प्रार्थना की। जिससे श्रीराम के विलाप पर उपस्थित दर्शक गणों में आंसू छलक ने लगे। राम का रोल कर रहे हैं अरविन्द मौर्य ने विलाप कर उपस्थित भक्तों की रोने पर मजबूर कर दिया। रामलीला में लक्ष्मण का अभिनय अभिषेक कुमार, हनुमान बृजभान यादव, अंगद योगेश मौर्य, रावण बृजलाल केसरवानी, मेघनाथ मोती लाल यादव, कुम्भ करण सन्दीप कनौजिया, भरत शिव शंकर व भभीषड़ का अभिनय अशफीर्लाल ने किया। इस अवसर पर बबलु कुशवाहा सुरेन्द्र कुशवाहा इंद्रजीत कुशवाहा बाबूजी जी लवकुश कुशवाहा सेठ जी अमित केसरवानी राहुल केसरवानी अमन केसरी आनन्द प्रधान बब्बू भारतीय फूलचंद बीडीसी अमित यादव अनिकेत मोहित प्रियांशु आर्यवीर आदि लोग मौजूद रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने अधिवेशन की बनाई रूपरेखा

**प्रयागराज।** शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन व निर्वाचन कराने को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने रूपरेखा बनाई। पदाधिकारियों ने परिषद कार्यालय श्रमहितकारी केंद्र में बैठक की। इसके अलावा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार भारती की अध्यक्षता में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संचालन जिलामंत्री विनोद कुमार पांडेय ने किया। बैठक में जनपद की शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन व निर्वाचन दिसंबर में कराए जाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि सभी संबद्ध संगठनों के अध्यक्ष और मंत्री या उनकी ओर से नामित प्रतिनिधि वोट देने के योग्य होंगे। सप्ताहभर में अपने-अपने संगठनों के प्रतिनिधियों से जनपद कार्यालय में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मतदान के लिए नाम लिखकर जमा कर देने की अपील की गई। ताकि प्रांतीय अध्यक्ष से अनुमोदन कराने के बाद निर्वाचन कराया जा सके।

## विधायक विजय मिश्रा के मकान पर चला पीडीए का बुल्डोजर

**प्रयागराज।** भदोही में ज्ञानपुर के विधायक विजय मिश्रा के मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गुरुवार की शाम ढहाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शाम करीब पांच बजे पुलिस बल के साथ पीडीए की टीम अल्लापुर स्थित विधायक के मकान पर पहुंची तो वहां अफरातफरी मच गई। विधायक के घर वालों ने विरोध किया लेकिन भारी पुलिस बल के आगे उनकी एक न चली। पुलिस ने भीड़ को हटाया और यातायात भी डायवर्ट कराया। उल्लेखनीय है कि विधायक ने मकान बचाने के लिए तमाम प्रयास किए मगर अब कार्रवाई शुरू हो गई। उन्होंने बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराया था। विधायक के शापिंग कांप्लेक्स का मामला अभी हाईकोर्ट में चल रहा है। उस पर अभी तक कोई फैसला नहीं आया है।



विधायक विजय मिश्रा का मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी

### सहायक अभियोजन अधिकारी मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित, इंटरव्यू के लिए 54 अभ्यर्थी सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने एपीओ यानी सहायक अभियोजन अधिकारी मुख्य परीक्षा-2018 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। गुरुवार को घोषित किए गए रिजल्ट में 54 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इंटरव्यू की तारीख अभी तय नहीं हुई है। उम्मीद है कि दीपावली के बाद इंटरव्यू की तारीखों का एलान किया जा सकता है। अभ्यर्थियों का ब्योरा आयोग की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है।
यूपीपीएससी ने एपीओ-2018 के तहत 17 पदों की भर्ती निकाली है। इसमें 45,311 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि प्रारंभिक परीक्षा में 18782 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। आयोग ने 16 फरवरी 2019 को प्रयागराज व लखनऊ में 95 केंद्रों में प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया था। इसकी मुख्य परीक्षा 16 मई 2020 को प्रस्तावित थी, परंतु लॉकडाउन के कारण प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित करने में विलंब हो गया। प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट 11 मई को घोषित किया गया, जबकि लखनऊ स्थित आयोग के कैंप कार्यालय पर मुख्य परीक्षा 29 व 30 जुलाई को आयोजित की गई। इसमें 249 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। आयोग के सचिव जगदीश ने बताया कि अभ्यर्थियों का प्राप्तांक व श्रेणीवार कटऑफ अंक परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद जारी किया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ बदमाश गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूंछताछ

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने गुरुवार को दिन में सुभाष चौराहे के पास पकड़ा। उसके पास से बाइक बरामद की गई। पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, जिस पर उसके कई साथियों का नाम सामने आया है। पुलिस को आशंका है कि पकड़ा गया बदमाश बाइक चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य है। उसके बारे में पूरी जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार मो. महताब उर्फ अन्नू पुत्र अख्तर अली निवासी शेखपुर थाना फूलपुर से पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे तो वह बहाने करने लगा। कभी कहा की कागजात घर पर हैं तो कभी बोला कि वह चोरी हो गया है। पुलिस ने बाइक नंबर को खंगाला तो पता चला कि वह दूसरी बाइक का नंबर है। यही से पुलिस का संदेह उस पर गहराया और पूरे मामले का राजफाश हुआ। पुलिस ने पिछले माह बाइक चोरों के गिरोह का राजफाश किया था। इसमें से अधिकांश फूलपुर थे। फूलपुर पुलिस ने 24 बदमाशों को गिरफ्तार कर 24 चोरी की बाइक बरामद की थी तो धूमनगंज पुलिस ने छह चोरों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर एक दर्जन बाइकों को बरामद करने में सफलता पाई थी। ये भी बदमाश फूलुपर क्षेत्र के ही थे। ऐसे में गिरफ्तार मो. महताब के बारे में पता लगाया जा रहा है कि कहीं वह उसी गिरोह का सदस्य तो नहीं है। फूलपुर और धूमनगंज पुलिस ने उस समय जिन बदमाशों को गिरफ्तार कर बाइकों को बरामद किया था, वह प्रतापगढ़, भदोही, प्रयागराज, कौशांबी, जौनपुर जनपद से चोरी किया गया था।

## बटाईदारों को भी मिलेगा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ

**प्रयागराज।** उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश के किसानों, कृषि कार्य में लगे खेतिहरों को फसलोत्पादन के लिए हर तरह की सहायता कर रहे हैं। उन्ही सहायता देने वाली योजनाओं में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना भी किसानों को सामाजिक सुरक्षा देने वाली एक प्रमुख योजना है। जिसे मुख्यमंत्री जी ने पूरे प्रदेश के किसानों, खेती करने वाले बटाईदारों के लिए भी लागू किया है। खेती-किसानी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान खेत में बारहोमास कार्य करता है। यद्यपि खेती में पूरा परिवार लगता है किन्तु घर का मुखियाध्कमाऊ व्यक्ति विशेषकर खेत में फसल की बुआई, सिंचाई, निराई आदि में लगा रहता है। खेती का काम करते समय किसान की विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत्यु भी हो जाती है। ऐसी दशा में किसान का परिवार आर्थिक परेशानी में आ जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ऐसे पीड़ित परिवारों को मृत्यु होने पर 05 लाख रूपए देने की योजना लागू की है।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मूल निवासी किसान जिनकी आय का मुख्य साधन कृषि है तथा किसान की आयु 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यदि किसी किसान के पास अपनी भूमि नहीं है और वह बटाई पर दूसरे किसान की भूमि पर खेती करता है, और किसी दुर्घटना के दौरान उसकी मृत्यु हो जाती है या वह विकलांग हो जाता है तो वह भी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। किसी किसान, बटाईदार की मृत्यु होने पर मृतक के उत्तराधिकारियों को मुआवजा की धनराशि बैंक खातों में भेजी जाती है। किसान/उत्तराधिकारी का बैंक में खाता भी होना जरूरी है।

किसानों द्वारा किये जा रहे कृषि कार्यों या आवागमन के समय विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाएं हो सकती है। इनमें आग में जलने, बाढ़ में बह जाने, आकाशीय बिजली गिरने या बिजली का करंट लगने, हत्या, डकैती, आतंकी हमला में मृत्यु होने, मकान के नीचे दबने, प्राकृतिक आपदाओं में मृत्यु होने, जंगली जीवों के आक्रमण सांप काटने आदि जैसी दुर्घटनाओं के कारण दोनों हाथ पैर कटने, दोनों आंखें चली जाने, मृत्यु होने पर 05 लाख रू0, एक हाथ-एक पैर न होने से विकलांग होने पर 2 से 3 लाख रू0, 25 प्रतिशत से अधिक 50 प्रति तक के विकलांगता पर 1 से 2 लाख रू0, मुआवजा सीधे लाभार्थी के खाते में भेजा जाता है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनान्तर्गत लाभ लेने के लिए मृतक खातेदारध् सह खातेदार कृषक के परिजनों द्वारा आवेदन पत्र भर कर 45 दिन के अन्दर सम्बंधित जिले/तहसील में जमा करना होगा। इसके निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता की फोटो कापी खाता नम्बर, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज के फोटो, मोबाइल नम्बर, खतौनी जैसे दस्तावेज संलग्न करना जरूरी होता है। यदि आवेदन करने में 45 दिन का समय निकल जाता है तो सम्बंधित जिले के जिलाधिकारी एक माह का समय दे सकते हैं। किसानों की हितैषी व कल्याणकारी तथा आर्थिक सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की इस योजना से कृषक लाभान्वित हो रहे हैं और सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं।

## कोर में ई.ऑफिस का हुआ शुभारम्भ

**प्रयागराज।** गुरूवार को केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह के कर कमलों द्वारा भारत सरकार के डिजिटल इण्डिया मिशन के अनुरूप एवं कोविड-19 जैसे महामारी के दौरान इसकी महत्ता को देखते हुए ई.ऑफिस का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस हेतु पिछले कुछ दिनों से कोर मुख्यालय एवं इसकी विभिन्न परियोजनाओं से डाटा एकत्रित किया जा रहा था। जिसमें बेसिक यूजर्स डाटा, इंपलई मास्टर डिटेल तथा फाइल नेमिंग सिस्टम प्रमुख है। इसके परिचालन हेतु आवश्यक समस्त प्रक्रियाओं को भी पूरा किया गया। रेलटेल के सहयोग से इस कार्य को मूर्त रूप दिया जा सका। रेलटेल द्वारा सभी को ई.ऑफिस के परिचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिसके फलस्वरूप रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पेपर लेस कार्य करने का सपना साकार हो सकेगा। इस ई.ऑफिस के बहुत से यूनिक फीचर्स है जिसका लाभ




उद्घाटन समारोह में उपस्थित अधिकारीगण व कर्मचारी

संस्था को मिल सकेगा। जिससे द्रुत गति से फाइलों का निस्तारण किया जा सकेगा। उद्घाटन समारोह में सभी विभागाध्यक्ष अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत अभियन्ता, आशुतोष, प्रमुख मुख्य अभियन्ता, ए.बी. सरन, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्यालय तथा परियोजनाओं के अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर रेलटेल के स्थानीय अधिकारी दीपक, लोक रंजन पाण्डेय, प्रशांत मिश्र एवं सुश्री भावना उपस्थित रही।

## एमबीबीएस की पढ़ाई छोड़ बन गया चोर, राजधानी एक्सप्रेस में करता था चोरियां

**प्रयागराज।** जीआरपी टीम के हत्थे चढ़ा शातिर चोर पुनीत की प्रोफाइल आपको चौंका देगी । डॉक्टरी की पढ़ाई छोड़ जिस तरह वह राजधानी एक्सप्रेस में चोरियां करने लगा वह समाजशास्त्रियों के अध्ययन का बिषय हो सकता है। संपन्न परिवार से जुड़ा पुनीत जिस तरह जरायम की दुनिया में आया है, पुलिस वालों को भी चौंका रही है। उनका कहना है कि किसी धर्म, समाज और आय वर्ग का व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो सकता है।



जीआरपी इंस्पेक्टर राम मोहन राय ने बताया कि राजधानी एक्सप्रेस में भाजपा सांसद अजय निषाद की पत्नी का तीन लाख रुपये से भरा पर्स चोरी करने वाले शातिर पुनीत के पिता मेजर के पद से रिटायर्ड है तो भाई स्क्वाड्रन लीडर, बहन एमबीबीएस डॉक्टर है। वह खुद भी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। लेकिन एक साल बाद पढ़ाई छोड़ दी।

जीआरपी इंस्पेक्टर राम मोहन राय ने बताया कि पुनीत लखनऊ में रहता था। वह एक दोस्त प्रदीप के साथ कार से कानपुर आता था। राजधानी एक्सप्रेस के एसी थर्ड कोच में उसका रिजर्वेशन रहता था। कार उसका दोस्त प्रदीप लेकर वापस लखनऊ चला जाता था। इसके बाद पुनीत राजधानी एक्सप्रेस में सफर के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद दिल्ली में उतर जाता था। दिल्ली जंक्शन से मेट्रो पकड़कर एयरपोर्ट और फिर फ्लाइट से लखनऊ आ जाता था। यहां उसका दोस्त कार लेकर इंतजार करता रहता था।

राजधानी एक्सप्रेस में चोरी की वारदात। उस पर भी सांसद की पत्नी का तीन लाख रुपये से भरा बैग चोरी जाना। हाईप्रोफाइल मामला देख जीआरपी और आरपीएफ शातिर चोर को पकड़ने के लिए सरगर्मी से जुट गई। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम चोर की तलाश में जुट गई। मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल से शिनाख्त के बाद दो नवंबर को टीम ने कानपुर सेंट्रल से शातिर चोर को दबोच लिया। उसके बैग से ज्वेलरी और नकदी बरामद की गई। टीम की पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पुनीत निवासी जहानाबाद जिला पीलीभीत बताया। उसने बताया कि उसका साथी भी वारदातों को अंजाम देने में मदद करता है। उसने साथी का नाम प्रदीप यादव जिला देवरिया बताया। आरोपित पुनीत के खिलाफ लखनऊ में सात मुकदमे दर्ज हैं। टीम में प्रद्युम्न कुमार ओझा, सिपाही नरेश कुमार, ब्रजेश त्रिपाठी, संदीप कुमार शुक्ला, रमेश नाविक, सर्वेश कुमार, उमेश चंद आदि शामिल थे।

**यह था मामला**

02309 राजेन्द्र नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस में 27 अक्टूबर को सांसद अजय निषाद की पत्नी यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उनका तीन लाख रुपये नकद चोरी हो गया। संसद अजय निषाद की पत्नी के रुपये चोरी करने और 19 अक्टूबर को भी कोच से यात्री का सामान चोरी होने की घटना में समानता पाई गई थी। जीआरपी के मुताबिक 19 अक्टूबर से पकड़े जाने के पहले तक पुनीत ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## जीजा और साली से लूट और बदसलूकी के मामले में फरार आरोपितों की तलाश में दबिश

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र में हाईवे पर एक छात्रा से दिनदहाड़े छेडखानी करने और घसीटकर पीटने के मामले में भले ही पुलिस ने दो आरोपितों को दबोच लिया है, लेकिन मुख्य अभियुक्त समेत दो शख्स अभी भी फरार हैं। बुधवार देर रात से लेकर गुरुवार सुबह तक पुलिस वांछित आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है। दोनों अपने-अपने घर छोड़कर फरार हो गए हैं। रात दो बजे पुलिस ने ने एक अभियुक्त के घर पर छापेमारी की तो वह नहीं मिला। घरवालों से पूछताछ में पता चला कि घटना के बाद से वह घर ही नहीं आया। ऐसे में पुलिस अब उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर-के पकडने का प्रयास कर रही है।

सोरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 19 वर्षीय युवती इंटर की छात्रा मंगलवार को थरवई के चंदरपुर बसमहुआ गांव में बड़ी बहन की ससुराल गई थी। दोपहर में उसके जीजा बाइक से घर छोड़ने के लिए जा रहे थे। तभी कोखराज-हंडिया हाईवे पर डेरागदाई गांव के सामने पुलिया के पास पीछे से आए कुछ युवकों ने छात्रा के जीजा का मोबाइल लूट लिया। लूट के दौरान वह बाइक लेकर साली के साथ जमीन पर गिर पड़ा तो मनबढ़ युवकों ने छेडखानी शुरू कर दी।

विरोध पर युवकों ने छात्रा को कुछ दूर तक घसीट ले गए और पीटाई करने लगे। तब तक उसका जीजा आ गया और बचाने की कोशिश की, इस पर उसकी भी पिटाई की। शोर और चीख-पुकार सुन राहगीर मदद को रुके तो युवक धमकी देते हुए भाग निकले। खबर पाकर एसपी गंगापार, सीओ फूलपुर और इंस्पेक्टर थरवई मौके पर पहुंचे। छात्रा से पूछताछ के बाद तहरीर के आधार पर छेडखानी, लूट और मारपीट का मुकदमा कायम किया। पुलिस ने मंगलवार को ही बिदुअरा गांव निवासी एक आरोपित राजकुमार को दबोच लिया, जबकि राजू की गिरफ्तारी बुधवार को हुई। अभी दो और आरोपित फरार हैं। एसपी गंगापार धवल जायसवाल का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपितों को भी पकड़ लिया जाएगा।

## दूषित पानी इस्तेमाल करने के लिए मजबूर हैं आजाद नगर के लोग

**प्रयागराज।** शहर के आजाद नगर साउथ मलाका के लोग दो माह से अधिक समय से दूषित पानी पीने के लिए मजबूर है। तो वहीं कुछ लोग आरो का पानी खरीद कर पी रहे हैं आजाद नगर में पानी गंदा आने के साथ ही बदबूदार भी होता है। इस मामले में जल संस्थान के महाप्रबंधक से लेकर अवर अभियंता तक से लोग शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों के समझ में नहीं आ रहा है कि वह अब शिकायत भी करें तो किससे करें। मुहल्ले में दो जगहों पर गंगा प्रदूषण विभाग द्वारा नई सीवर लाइन के कनेक्शन के लिए दो जगह पर खोदाई की गई थी। इसके बाद से ही दूषित पेयजल की समस्या खड़ी हुई है। लोगों ने जल संस्थान के महाप्रबंधक से इस बारे में कहा तो उन्होंने टीम भी भेजी। कर्मचारियों ने सीवर लाइन साफ करने के साथ ही उस जगह पर खोदाई भी की, लेकिन गड़बड़ी पकड़ में नहीं आई। इसके बाद टीम लौट गई तो आज तक नहीं आई। मुहल्ले के लोग रोज कम से कम 100 रुपये का आरओ का पानी खरीद रहे हैं। इससे उनको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आरओ के पानी का दाम तो उन्हें देना ही पड़ रहा है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।
**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**
पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## थरवई में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, दंपती घायल

**प्रयागराज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोपराबारी गांव में गुरुवार की दोपहर जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी ने दंपती को पीटकर घायल कर दिया। उक्त गांव निवासी राजकुमार भारतीय का पड़ोसी से जमीन विवाद चला आ रहा है। गुरुवार की दोपहर पड़ोसी से कहासुनी हो गई। आरोप है कि पड़ोसी ने उसे व उसकी पत्नी को लाठी-डंडे से पीट दिया। भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर दी। इसी प्रकार भोपतपुर गांव में दो सगे भाइयों में बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। उक्त गांव निवासी दानबहादुर पटेल व रामसिंह सगे भाई हैं। दोनों के बीच बंटवारें को लेकर मारपीट हो गई। दोनों भाइयों ने पुलिस को तहरीर दी।

## महिलाओं को जोड़ने के हेतु सदस्यता अभियान चल रही समाजवादी पार्टी

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने महिलाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया है। गुरुवार को अभियान चलाकर दर्जनों महिलाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। आल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की पूर्व उपाध्यक्ष समाजसेवी नासिरा बख्त ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नासिरा बख्त स्थानीय बिशप जार्ज स्कूल एंड कॉलेज के प्रबंधक जावेद बख्त की पत्नी हैं। शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान है। सपा जिला अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने पार्टी के जिला कार्यालय जॉर्जटाउन में उन्हें सपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान कई और महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जावेद बख्त, मंजू यादव, सत्य भामा मिश्रा, अनिल यादव, राम सुमेर पाल, प्रतिमा रावत, कमला यादव, महावीर, दान बहादुर मधुर, संतोष यादव, नाटे चौधरी, ननकऊ यादव, आशीष पाल, रेनू बाल्मीकि, सुशांत प्रधान, अमित यादव आदि मौजूद रहे।



सदस्यता अभियान में महिलाओं को जोड़ते हुए

समाजवादी पार्टी ही नहीं बल्कि अन्य कई पार्टियां भी वर्ष 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जोरशोर से तैयारी में जुट गई हैं। सपा जहां सदस्यता अभियान चला रही है तो वहीं आम आदमी पार्टी, भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी समेत अन्य कई दल गांव-गांव में शिविर लगा रहे हैं। लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। सभी अपनी-अपनी पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत करा रहे हैं। सरकार बनने पर जनता के लिए क्या-क्या किया जाएगा, यह अभी से बताया जाता रहा है।

## संक्षेप समाचार

### अज्ञात व्यक्ति की हुई शिनाख्त

**अझुवा कौशाम्बी।** बीती शाम हुई सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की हुई थी मौत जिनमे 2 व्यक्तियो की शिनाख्त हो गयी थी ।साइकिल सवार की शिनाख्त नही हो पाई थी सोसल मीडिया और अखबारों की खबर के माध्यम से उसके भांजे सुरेश ने बताया कि उसका मामा रामकिशोर यादव उम्र लगभग 44 वर्ष निवासी ग्राम सभा कैथपुरवा थाना हथगाम जिला फतेहपुर का निवासी था 3 नवंबर दोपहर बाद सैनी थाना अन्तर्गत मैदाही अपने पुत्री को वह करवा का सामान देने जा रहा था। आज 4 नवंबर शाम को हमारे परिवार और रिश्तेदारों ने जनसन्देश टाइम्स की खबरों में लगी चित्रों से पहचान हुई है। वहीं चौकी प्रभारी अझुवा अजहर जमाल ने बताया कि शाम को ही रामकिशोर के पुत्र का भी फोन आया था जिसे मृतक के परिजनों ने पहचान बताई है। अज्ञात शव अभी भी पोस्टमार्टम हाउस में फ्रीजर में रखा हुआ है।

### चोरी के मोबाइल सहित तीन युवक गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना पुलिस और एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई कर चोरी के एक मोबाइल समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव से सुकून पुत्र वेद शर्मा ढपाली और सुग्गा को एक सप्ताह पूर्व गांव से गिरफ्तार किया था इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पड़ोसी जनपद से भी इनकी निशानदेही पर आधा दर्जन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है करारी पुलिस ने नाटकीय ढंग से आज तीन युवकों को एक मोबाइल चोरी में जेल भेज दिया है पड़ोसी जनपद से गिरफ्तार आधा दर्जन युवकों के बारे में पुलिस कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

### दो डम्फर की आपस में भिड़ंत

**इमामगंज कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेनी राम कटरा के समीप नव जीवन अस्पताल के सामने एक वैन को बचाने के चक्कर में दो डम्फर आपस में भिड़ गए, जिससे दोनो डम्फर क्षतिग्रस्त हो गए है, हादसे में किसी को गंभीर चोटें नहीं आई है क्षेत्राधिकारी चायल व एसडीएम चायल सराय अकिल की ओर जा रहे थे तुरंत मौके पर रुके और जांच पड़ताल कर तीनों गाड़ियों को थाना सराय अकिल ले जाने को कहा, पुलिस गाड़ियों को कब्जे में लेकर थाने ले गयी।

## गरीब बेसहारा विधवा महिलाओं को दिया जा रहा आजीवन पेंशन



महिला कर्मी लोगों को गांव गांव जाकर जागरूक करते।

**प्रतापगढ़।** महिला शक्ति एनजीओ प्रतापगढ़ द्वारा पूरे जनपद में महिला सशक्तिकरण का मिसाल कायम कर रही है एनजीओ द्वारा महिला कर्मी लोगों को गांव-गांव घर-घर जाकर महिलाओं को जागरूक कर विधवा महिला बेसहारा को आजीवन पेंशन, लाइट बिल, बच्चों को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त यात्रा पास ,पानी का बिल मुहैया कराने के साथ महिला कर्मी महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक रही हैं।

महिला शक्ति एनजीओ प्रतापगढ़ द्वारा गरीब विधवा बेसहारा महिलाओं के मदद के लिए हाथ बढ़ाया है एनजीओ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनीता सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष मीनू तिवारी जिलाध्यक्ष एवं जिला के पदाधिकारी गण वर्तमान समय में महिलाओं के समक्ष परेशानी समस्या को दूर करने के उद्देश्य से एनजीओ मे लगन से कार्य कर रहे हैं ।गांव-गांव घर-घर जाकर सर्वे कर गरीब विधवा बेसहारा महिलाओं बच्चों की सूची तैयार करते हैं और महिलाओं को एनजीओ का उद्देश्य और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का पाठ पढ़ाते हैं। एनजीओ का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब विधवा महिला को आजीवन पेंशन, बेसहारा बच्चों को मुफ्त शिक्षा ,बिजली का बिल, पानी का बिल ,यात्रा पास सहित तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं ।इसी क्रम में एनजीओ द्वारा क्षेत्र के उड़ैयाडीह ,गुलालपुर ,पूरे बेनीराम, सांगा पट्टी, जलालपुर, गंगवार , बख्शीडीह सहित दर्जनों गांव में सर्वे कराकर सूची बनाकर महिलाओं को जागरूक किया गया ।और महिला सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष तिवारी ,जिला अध्यक्ष सुधा देबी, जिला महामंत्री अखिलेश मिश्र अधिकारी कर्मचारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पिटाई से युवक का दांत टूटा

**कंधई, प्रतापगढ़।** भूमि विवाद में विपक्षियों ने घर में घुसकर युवक की पिटाई कर दी। घरेलू सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। मारपीट में युवक का दांत टूट गया। पत्नी व बेटी समेत चार अन्य लोगों को भी चोटें आईं ।कंधई थाना क्षेत्र के बारीखुर्द निवासी जोखूराम वर्मा ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। इसमें बताया कि भूमि विवाद में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे लाठी-डंडे से लैस विपक्षियों ने उस पर हमला बोल दिया। जान बचाकर वह घर की तरफ भागा तो आरोपितों ने घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। इससे उसका एक दांत टूट गया।



श्रीमद् भागवत कथा के बाद कलश यात्रा में जयकारे लगाते लोग।

## भागवतकथा के पूर्व निकाली गयी कलश यात्रा, जयकारे से गूंजा क्षेत्र

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के डांडी पूरे झलिहन मे श्रीमदभागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी कलश यात्रा की शुरूआत कथा स्थल से शुरू हुई यात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर मंगलकलश रख और मंगल गीत गाते तथा डी जे के संगीत पर थिरकते भक्त अबीर गुलाल उडाते श्रद्धालु डांडी स्थित ओम्कारेश्वर महादेव से चल कर हन्डौर के सोमेश्वर महादेव धाम होते हुए सगरा स्थित महाकालेश्वर का दर्शन करते हुए तिना स्थित बाबा बूढेश्वर नाथ धाम पर समाप्त होकर भक्तों ने भगवन शिव की पूजा अर्चना कर कथा स्थल पर लौट आये इस मौके पर भागवत भूषण आचार्य योगेश जी महाराज मुख्य यजमान चन्द्रभाल पांडेय, गीता देवी, रमेश पांडेय, राकेश फौजी, डॉ ज्ञानेश पांडेय, संजय शुक्ल, मनोज शुक्ल, कृष्ण देव शुक्ल, शिवमूर्ति शुक्ल, किरन, आँचल, अर्चना, दुर्गा देवी, स्वाती पांडेय, सुमन सरिता, राजीव मिश्र, संजय मिश्र, मोहित पांडेय आदि मौजूद रहे।

## प्रमोद के बिहार चुनाव प्रचार अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं मे खुशी

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर गुरूवार को कार्यकताओं की बैठक मे कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के बिहार चुनाव प्रचार अभियान की सफलता पर खुशी जताई गई। कार्यकताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव मे पार्टी स्टार प्रचारक के रूप मे शामिल हुए प्रमोद तिवारी के प्रतापगढ़ तथा रामपुरखास एवं प्रदेश के अन्य हिस्सो के प्रवासी लोगों द्वारा मिले विशेष समर्थन तथा सम्मान को लेकर भी कार्यकताओं मे खासी प्रसन्नता देखी गई। लाकडाउन के दौरान बिहार के पटना समेत विभिन्न हिस्सों मे कठिनाइयों से गुजर रहे क्षेत्रीय लोगों की प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा निजी स्तर पर हुई मदद के चलते भी बिहार दौरे मे प्रमोद तिवारी की दिखी प्रभावी भूमिका को भी पार्टी की मजबूती को लेकर एक बडी उपलब्धि की भी लोगों मे सराहना दिखी। वहीं कार्यकताओं ने सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी के निर्देश पर बिहार विधानसभा चुनाव मे प्रमोद तिवारी के पार्टी व महागठबंधन के पक्ष मे चुनाव प्रचार अभियान को लेकर कडी मेहनत को भी कार्यकताओं ने गौरवपूर्ण ठहराया है। बैठक की अध्यक्षता प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य राममिलन तिवारी, चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, प्रमुख ददन सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, केडी मिश्र, दयाशंकर पाण्डेय, डा. शिवमूर्ति शास्त्री, डा. वीरेन्द्र मिश्र, विकास मिश्र, डा. चन्द्रेश सिंह, डा. नन्हेंलाल यादव, डा. अमिताभ शुक्ल, डा. वीरेन्द्र मिश्र, देवानंद मिश्र, दयाराम वर्मा, जगदीश बहादुर सिंह, चंद्रमौलि शुक्ल, डा. हीरालाल शुक्ल, रामलखन जायसवाल, महेन्द्र सिंह, डा. राजकुमार पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, डा. अंजनी कौशल, मौलाना रहमानी मियां, विन्देश्वरी वर्मा, घनश्याम मिश्र, हरिपाल ओझा, रामकरन ओझा, रज्जन उपाध्याय, राकेश तिवारी, त्रिभु तिवारी, लालजी यादव, आनंद पाण्डेय, उदयशंकर दुबे, शत्रुध्न शुक्ल आदि रहे।

### तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के गोसांई का पुरवा देवापुर गौखाडी के सुनील गिरि ने दी गई तहरीर मे कहा है कि गुरूवार को गांव के आलोक गिरि, चंद्रलोक तथा कांती ने धान की फसल को लेकर विवाद शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपियो ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे।

### किशोरी के अपहरण का केस

**प्रतापगढ़।** कोतवाली के मिसिरमऊ तेजगढ़ से जेवरात व नकदी समेत किशोरी के अपहरण को लेकर केस दर्ज किया गया है। गांव के गंगाप्रसाद मिश्र ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती एक नवंबर को गांव के एक युवक ने उसकी सत्रह वर्षीर्या पुत्री मोहिनी का अपहरण कर लिया। आरोपी मोहिनी के साथ घर मे रखा एक लाख रुपए नकद तथा महिलाओं के सोने चांदी के जेवरात भी उडा ले गये। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने गुरूवार को केस दर्ज किया है।

## एसडीएम ने पराली तथा अतिक्रमण पर मातहतों की कसी पेंच



खेत मे धान के अपशिष्ट का निरीक्षण करते एसडीएम लालगंज

**प्रतापगढ़।** एसडीएम ने गुरूवार को तहसील क्षेत्र के रामगढ़ रैला, मठहा तथा लालूपुर गांवो मे धान की अपशिष्ट जलाए जाने को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया। इन गांवो मे कुछ खेतो मे पराली जली देख एसडीएम राम नारायण का पारा चढ आया। एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को फटकार लगाते हुए आरोपियो को चिन्हित कर इनके खिलाफ फौरन एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। एसडीएम के साथ आकस्मिक निरीक्षण मे उप कृषि निदेशक रघुराज सिंह भी शामिल रहे। अफसरो ने किसानो को पराली जलाए जाने से हो रहे वायु प्रदूषण से नुकसान के बाबत जागृत भी किया। वहीं एसडीएम ने भ्रमण के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की जमीनो पर अवैध अतिक्रमण के बाबत भी लेखपालो को अतिक्रमणीयों के कब्जे से सरकारी भूमि फौरन मुक्त कराए जाने के निर्देश दिये। खगईपुर मे तालाबी जमीन पर अवैध अतिक्रमण देख एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को फटकार लगाई। वहीं उप कृषि निदेशक रघुराज सिंह ने गांवो मे कृषि योग्य जमीनों के उपजाऊ बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओ के बाबत भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारियां प्रदान की। एसडीएम तथा उप कृषि निदेशक के संयुक्त भ्रमण को लेकर गुरूवार को तहसील क्षेत्र के राजस्व निरीक्षको व लेखपालो मे पूरे दिन हडकम्प का माहौल दिखा। बाद मे एसडीएम ने समीक्षा के दौरान लेखपालों को आगाह किया कि यदि उनके क्षेत्रो मे कहीं भी पराली जलाए जाने मे लापरवाही मिली तो वह वेतन कटौती के लिए डीएम को संस्तुति करेगें।

# अव्यवस्था का शिकार आयुर्वेदिक यूनानी एवं होम्योपैथी चिकित्सालय

### 24 बेड के अस्पताल में एक भी मरीज भर्ती नहीं किए जाते जिससे अस्पतालों की चौपट व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है

**कौशांबी।** विभिन्न मर्ज से ग्रसित मरीजों को सस्ता और सुलभ इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में आयुर्वेदिक यूनानी और होम्योपैथी अस्पताल भी सरकार ने खोले हैं लेकिन आयुर्वेदिक यूनानी और होम्योपैथी अस्पताल पूरी तरह से बेकार साबित हो रहे हैं।

अभिलेखों में अस्पताल संचालित कर अस्पतालों के जिम्मेदार सरकारी दवाइयां भी बेच देते हैं मरीजों को इलाज देने की बात तो करना इन अस्पतालों के चिकित्सकों के लिए बेईमानी ही होगी आयुर्वेदिक अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने के लिए दो दर्जन बेड भी लगाए गए हैं 24 बेड के इस अस्पताल में एक भी मरीज भर्ती नहीं किए जाते हैं जिससे इन अस्पतालों की चौपट व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिले में मंझनपुर पश्चिम सरीरा कड़ा तिल्हापुर कौशांबी में आयुर्वेदिक अस्पताल संचालित कर सरकार जनता को सस्ता और सुलभ इलाज उपलब्ध कराना चाहती है मंझनपुर के भेलखा का अस्पताल 24 बेड का अस्पताल है सरकार का मानना है कि आयुर्वेद और योग से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और आयुर्वेदिक अस्पताल के जरिए आम जनता के योग की शिक्षा दी जाती है इसके लिए प्रशिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं जिन्हें मोटा वेतन प्रत्येक महीना दिया जा रहा है लेकिन जिले के मंझनपुर पश्चिम सरीरा तिल्हापुर कड़ा कौशांबी के आयुर्वेदिक अस्पताल दुर्दशा के शिकार हैं किसी भी अस्पताल में इलाज के समय चिकित्सक उपस्थित नहीं मिलते हैं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों को कामचलाऊ दवाई देकर सरकाया जाता है जिससे मरीजों का आयुर्वेदिक अस्पताल की ओर से भरोसा उठ रहा है इस कोरोनावायरस की महामारी में सरकार भी कहती है कि आयुर्वेदिक पद्धति और योग से कोरोनावायरस की महामारी से बचा जा सकता है लेकिन जब आयुर्वेदिक अस्पताल में चिकित्सक ही नहीं है तो कैसे आयुर्वेदिक पद्धति से ग्रामीण अपना इलाज कराएंगे। मंझनपुर मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर भेलखा ग्राम सभा में करोड़ों रुपए की लागत से 24 बेड का आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन एक दशक पूर्व सरकार ने बनाया था लेकिन अस्पताल की हालत यह है कि यहां भी चिकित्सक नहीं मिलते हैं इस अस्पताल में डॉक्टर संजय चौधरी की तैनाती है लेकिन वह भी नहीं मिलते हैं चीफ फार्मासिस्ट राम चरण यहां मरीजों को इलाज के लिए उपलब्ध रहते हैं अस्पताल में चंद्र भूषण सिंह फार्मासिस्ट का वेतन तो लेते हैं लेकिन दूसरे जगह अटैच होकर यहां कभी ड्यूटी देने नहीं आते हैं। इस अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर रुकमणी देवी वर्षों से वेतन उठा रही हैं लेकिन इस अस्पताल में एक भी दिन उनकी ड्यूटी नहीं होती है उन्होंने अपना अटैचमेंट प्रयागराज जिले के युनानी मेडिकल कॉलेज में करा रखा है जिससे कौशांबी से उनका वेतन देना ही बेकार साबित हो रहा है अन्य कर्मियों में हरि ओम पृथ्वीपाल मौजूद थे लेकिन पितांबर लाल को डूडा में अटैच कर दिया गया है जो एक सप्ताह से वापस लौट आए हैं वही चंदा देवी स्वच्छिका भी मौजूद नहीं थी हरिश्चंद्र योग प्रशिक्षक और कामता प्रसाद योग सहायक को प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति देकर वेतन तो दिया जा रहा है लेकिन इस अस्पताल में कभी योग प्रशिक्षक की क्लास नहीं चली है योग प्रशिक्षकों को घर बैठे कर सरकारी खजाने से प्रत्येक महीने वेतन दिया जा रहा है कभी-कभी औपचारिकता निभाने घंटे दो घंटे को योग प्रशिक्षक अस्पताल आते हैं। अस्पताल से वापस आने के बाद दोपहर 12:00 बजे के बाद फार्मासिस्ट ने फोन पर बताया है कि डॉक्टर साहब अस्पताल आ चुके हैं वहीं राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल के डी ओ से चौपट व्यवस्था पर बात करने का प्रयास किया गया है लेकिन उनसे भी बात नहीं हो सकी है।




दुर्दशा ग्रस्त आयुर्वेदिक अस्पताल भेलखा का दृश्य

### दिखावा साबित हो रहे हैं होम्योपैथी अस्पताल

**कौशाम्बी।** जिले में मंझनपुर के आजाद नगर शोभना पिपरी शाहपुर शमसाबाद अझुवा दारानगर में सात होम्योपैथी अस्पताल संचालित हो रहे हैं लेकिन इन अस्पतालों की स्थिति यह है कि अस्पताल से चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी गायब रहते हैं दो तिहाई अस्पताल तो महीनो बीत जाने के बाद भी नहीं खुले हैं जिले में होम्योपैथी अस्पतालों की संख्या समदा ओसा शहरी ग्रामीण पूरा मुफ़्ती सराय अकिल भरवारी करारी पश्चिम शरीरा सिराथू आदि स्थानों में अस्पतालों की संख्या और बढ़ाने के लिए बिभाग ने शासन को प्रस्ताव भी भेज रखा है लेकिन जो अस्पताल जिले में पहले से खुले हुए हैं उनकी व्यवस्था सुधारे जाने की ओर विभागीय जिम्मेदार प्रयासरत नहीं है जिससे होम्योपैथी अस्पताल का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है।

### यूनानी अस्पताल भी है दुर्दशा के शिकार

**कौशाम्बी।** जिले में चार यूनानी चिकित्सालय संचालित हो रहे है चायल मोहब्बत पुर पैंसा सेवढा और करारी में यूनानी अस्पताल संचालित हो रहे हैं लेकिन इन अस्पतालों की भी दुर्दशा देखने लायक है चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन तो प्रत्येक महीने मिल जाता है लेकिन ड्यूटी चार घंटे भी महीने में यहां चिकित्सक नही देते हैं इस बात को देखने के लिए विभाग के जिम्मेदार उदासीन है चिकित्सकों की उदासीनता के चलते यूनानी अस्पताल भी दुर्दशा ग्रस्त हैं जो कर्मचारी तैनात भी है पर काम नहीं करना चाहते हैं और उसके बाद भी स्टाफ की कमी का रोना रोकर आला अधिकारियों को गुमराह कर मौज कर रहे हैं जिन चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन दिया जा रहा है उनकी लगाम टाइट कर उन्हें पूरी ड्यूटी करने के लिए जिम्मेदारों को बाध्य करना होगा तभी इन चौपट अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार हो सकता है।

## तहसील तथा दीवानी गेटो पर वकीलों ने गतिअवरोधक की उठाई मांग

**प्रतापगढ़।** नेशनल हाइवे के तहसील के सामने गतिअवरोध न होने से आये दिन दुर्घटनाओं पर वकीलों ने चिन्ता जताई है। गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे एसडीएम को दिये गये प्रस्ताव मे कहा गया है कि नेशनल हाइवे के तहसील रोड पर तहसील कार्यालय के तीनों गेटो के सामने गतिअवरोधक तथा गति सीमा नियंत्रण के सूचक की व्यवस्था कराई जाय। वहीं वकीलों ने नेशनल हाइवे पर ही बड़े हनुमान जी के मंदिर के समीप दीवानी मार्ग के तिराहे पर भी यातायात नियंत्रण के लिए गतिअवरोधक के प्रबन्ध की मांग उठाई है। अधिवक्ताओ का कहना है कि तहसील तथा दीवानी रोड पर वादकारियो व अधिवक्ताओं के जमाव को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के जरिये गतिअवरोधक बनाया जाये। प्रस्ताव मे कहा गया है कि हाइवे पार करने मे प्रायः दोपहिया तथा साइकिल सवार वादकारी एवं कई अधिवक्ता चुटहिल हो रहे है। हाइवे पर बडे वाहनो का भी पूरे दिन संचालन हुआ करता है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, टीपी यादव, विकास मिश्र, राजेश तिवारी, राममोहन सिंह, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, ललित गौड़, विपिन शुक्ला, विभाकर शुक्ल, रामकिंकर शुक्ल, शेष तिवारी, अनूप पाण्डेय, राकेश शुक्ल, घनश्याम मिश्र, रामअभिलाष यादव, कौशलकिशोर शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, भास्कर शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, हरिशंकर द्विवेदी, अमरनाथ यादव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्र, सुशील शुक्ल, रामसिंह, पारसनाथ सरोज, शिवप्रसाद यादव, प्रभात श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, मो. ईसा, इरफान, शिव नारायण शुक्ल, मनोज शुक्ल, लालता पाण्डेय आदि रहे।

### बाइक चोरी पर बिफरे वकीलों ने की हड़ताल

**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील परिसर से अधिवक्ता व वादकारियों की लगातार बाइक चोरी होने से गुस्साए वकीलों ने गुरुवार को हंगामा किया। अधिकारियों को चैंबर में नहीं बैठने दिया। न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने व सफाई समेत अन्य जनहित के मामलों को उठाया ।उनका आरोप था कि तहसील परिसर से आए दिन बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं। अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव, प्रेमचंद पटेल व सुरेंद्र कुमार समेत करीब आधा दर्जन लोगों की बाइक चोरी हो चुकी है। अब तक पुलिस ने न तो कोई बाइक बरामद की और न ही किसी घटना का खुलासा किया है। इससे गुस्साए वकीलों ने गुरुवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला करते हुए अधिकारियों को चैंबर में नहीं बैठने दिया। तहसील गेट पर जमकर नारेबाजी की।

### तालाबी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**प्रतापगढ़।** तालाबी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने कडा आक्रोश जताया है। ग्रामीणो का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से अतिक्रमणी तालाबी जमीन पर लगातार अवैध कब्जा कर रहे है। जिपंस शिवबहादुर सरोज की अगुवाई मे अगई गांव के ग्रामीणो ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि लेखपाल की मिलीभगत से तालाबी अराजी पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेखपाल को फोन मिलाने पर कोई जबाब नही मिला करता है। आरोप है कि दो महीने पूर्व भी लेखपाल की सह पर तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा चुका है। एसडीएम राम नारायण ने तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है। इस मौके पर राजमणि, पृथ्वीराज, छोटेलाल आदि रहे ।तालाबी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप, एसडीएम से शिकायत की है।

## पत्रकार अर्णव गोस्वामी का समर्थन बच्चा-बच्चा करता है : विवेक संकल्प



**प्रतापगढ़।** जनपद के युवा लेखकध्पत्रकार एवं बेटियों की हिचकी के संस्थापक विवेक संकल्प ने कहा कि रिपब्लिक भारत राष्ट्रीय न्यूज चैनल के प्रधान संपादक एवं पत्रकार अर्णव गोस्वामी का समर्थन प्रत्येक राष्ट्रवादी देशभक्त करता है। जिसने 30 वर्षों की पत्रकारिता में आम जनमानस की आवाज बनते हुए लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। गोस्वामी जी गिरफ्तारी पूर्णतया बदले की भावना से राजनीतिज्ञ षडयंत्र है। महाराष्ट्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करते हुए चैथे स्तम्भ को कुचलने का घिनौना पाप किया है। महाराष्ट्र में इस समय आपात काल की स्थिति बनी हुई। ऐसे भी केन्द्र सरकार या सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना चाहिए। जहां तक हो सके राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए। अर्णव गोस्वामी ने अभी तक सभी कानून के नियमों का पालन किया था। बिना समन के किसी को अपमानित करते हुए आतंकवादी जैसा सलूक करते हुए गिरफ्तार करना घोर निंदनीय है। यदि पत्रकार प्रश्न करता है ? तो उसका उत्तर दो। भारत के संविधान ने मीडिया की स्वतंत्रता दी है। महाराष्ट्र सरकार ने अपनी बुरा समय बुलाया है देखते रहिए इनकी लंका में आग अर्णव जी के साथ मेरे जैसे लोग अवश्य लगायें। जय राष्ट्रवाद ,वंदेमातरम । वहीं पर लालगंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न पत्रकारों संग अधिवक्ताओं ने भी अर्नव के साथ पुलिस द्वारा मारपीट, अभद्रता तथा गिरफ्तारी को लेकर सवाल उठाते हुए निंदा किया है ।

अधिवक्ता दीपक पान्डेय ने कहा कि राजनीतिकरण के तहत की गयी कार्यवाही उचित नही है अर्नव दोषी हो सकते हैं किन्तु आतंकवादी नही ,जिस तरीके से बुद्धवार सुबह अर्नव के घर से उन्हे बिना नोटिस जबरन खींच कर ले जाया गया वह तरीका पुलिस का सही नही था । आज अर्नव के साथ पूरा देश खड़ा है और हम सभी सच का साथ देने के लिए तत्पर हैं और अर्नव के हक तथा न्याय के लिए आवाज उठाते रहेगें । हिन्दू भगवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुरजीत तिवारी ने कहा कि अर्नव सच की आवाज बुलंद करने व पीड़ित को न्याय दिलाने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध युद्ध छेडे. हैं जिसको लेकर सियासी दलों से लेकर भ्रष्टाचारियों मे खलबली मची हुई है ।